## संपादकीय

### हमले के सबक

हाल ही की अन्य आतंकी घटनाओं के क्रम में बीते सोमवार को श्रीनगर के बाहरी इलाके में एक पुलिस बस पर हुआ आतंकी हमला चिंता बढ़ाने वाला है। सवाल इस हमले की टाइमिंग को लेकर भी है क्योंकि आतंकवादियों ने वह दिन चुना जिस दिन बीस साल पहले पाक पोषित आतंकवादियों ने देश के लोकतंत्र के मंदिर पर हमला बोला था। इस हमले ने पूरे देश के सुरक्षा तंत्र को हिला कर रख दिया था। हमले के लिये इसी दिन को चुनने से आतंकवादियों के दुस्साहस का भी पता चलता है। हमलावरों के छोटे समूह ने पच्चीस पुलिसकर्मियों को ले जा रही बस पर फायरिंग की। विडंबना है कि दो-तीन आतंकवादी बस पर हमला करने के बाद अंधेरे का लाभ उठाकर भागने में सफल रहे। बिना बुलेटप्रूफ व्यवस्था के इतनी बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों का ले जाना सबक देता है कि सुरक्षा बलों की सुरक्षा में चूक कदापि स्वीकार्य नहीं होनी चाहिए। बताया जाता है कि जैश-ए-मोहम्मद की एक शाखा माने जाने वाले अल्पज्ञात संगठन कश्मीर टाइगर्स द्वारा घात लगाकर यह हमला किया गया, जिसमें एक सहायक उप-निरीक्षक और दो कांस्टेबलों की जान चली गई। उल्लेखनीय ही है कि जैश-ए-मोहम्मद द्वारा फरवरी, 2019 में किये गये पुलवामा हमले में सुरक्षाबलों ने बड़ी क्षति उठायी थी और घटना में 40 सीआरपीएफ जवानों की जान चली गई थी। बहरहाल, सोमवार को श्रीनगर के बाहर पुलिसकर्मियों पर हुआ हमला बांदीपोरा जिले में आतंकवादियों द्वारा दो पुलिसकर्मियों की हत्या किये जाने के कुछ दिन बाद सामने आया जो बताता है कि आतंकवादी सुनियोजित साजिश के तहत पुलिसकर्मियों को निशाना बना रहे हैं ताकि आतंकवादियों से निपटने में सुरक्षाबलों को स्थानीय पुलिस व लोगों का सहयोग न मिल सके। बहरहाल, आतंकवादी हमलों की ये घटनाएं यह भी बताती हैं कि जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद-370 के निरस्त होने के दो साल से अधिक समय बीतने के बावजूद केंद्रशासित प्रदेश में सामान्य स्थिति बनने में कुछ और वक्त जरूर लगेगा।

दरअसल, ऐसे वक्त में जब सीमा पर सेना व सुरक्षाबलों की चौकसी कड़ी हुई है, सीमापार बैठे आतंकवादियों के आका लगातार रणनीति बदलकर घाटी में शांति के प्रयासों को बाधित करने का प्रयास कर रहे हैं। विगत अक्तूबर में भी गैर-मुस्लिम स्थानीय निवासियों व प्रवासी श्रमिकों की लक्षित हत्याएं की गई थीं। मकसद यही था कि घाटी में सामाजिक समरसता के प्रयासों को पलीता लगाया जाये। कुछ उसी अंदाज में, जिसमें बड़ी संख्या में कश्मीरी पंडितों को घाटी से खदेड़ा गया था। जिसके बाद आतंकवादियों के खात्मे के लिये सुरक्षा बलों को कई अभियान चलाने पड़े। वहीं, दक्षिण एशिया आतंकवाद पोर्टल द्वारा संकलित आंकड़ों के अनुसार पिछले तीन वर्षों यानी 2019-21 में घाटी में नागरिकों की मौतों की संख्या चालीस के आसपास प्रतिवर्ष रही है। वहीं सुरक्षाकर्मियों की मृत्यु दर में गिरावट दर्ज की गई है। बहरहाल, सोमवार को पुलिस की बस पर हमले से यह साफ हो जाता है कि सुरक्षा बल अपनी सुरक्षा को लेकर किसी भी तरह का जोखिम नहीं उठा सकते। भाजपा के नेतृत्व वाली राजग की केंद्र सरकार लगातार कहती रही है कि वह जम्मू-कश्मीर में लोकतांत्रिक प्रक्रिया की बहाली के प्रति प्रतिबद्ध है। साथ ही अगले साल जम्मू-कश्मीर में विधानसभा चुनाव कराने के संकेत दे रही है। ऐसे में पाक समर्थित विघटनकारी तत्व लोकतांत्रिक प्रक्रिया में बाधा डालने के लिये हिंसा का सहारा ले सकते हैं। ऐसे में केंद्र सरकार की दोहरी जिम्मेदारी बन जाती है कि वह एक ओर जहां सीमा पर घुसपैठ पर अंकुश लगाये, वहीं दूसरी ओर आतंकवादियों को स्थानीय समर्थन से वंचित करने के लिये विश्वास बहाली के लिये सार्थक पहल करे। साथ ही अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर राजनयिक प्रयासों से आतंकवाद का पोषण करने वाले देशों पर नकेल डालने का भी प्रयास करना चाहिए। भारत की मान्यता रही है कि सीमा पार के आतंकवाद से निपटने के लिये राष्ट्रों के बीच अधिक सहयोग होना चाहिए। ऐसे में प्रयासों के क्रम में अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर पाकिस्तान की जवाबदेही भी सुनिश्चित की जानी चाहिए।

## आयरलैंड के अमेरिका और वेस्टइंडीज़ दौरे पर कोरोना का साया



**डबलिन।** आयरलैंड के चार खिलाडी और एक सहायक कोच कोरोना पॉज़िटिव हो गए हैं। इससे उनके अमेरिका और कैरेबियन दौरे पर ख़तरा मंडराने लगा है, जहां उन्हें टी20 और वनडे सीरीज़ खेलना था। हालांकि इस बीच आयरिश टीम अमेरिका के मियामी में पहुंच चुकी है और बोर्ड ने कहा है कि दौरा जारी रहेगा।

क्रिकेट आयरलैंड ने कहा कि दौरे पर रवाना होने से पहले दल के सभी सदस्यों का कोरोना परीक्षण किया गया, जिसमें जॉर्ज डॉकरेल और बैरी मक्कार्थी कोरोना पॉज़िटिव पाए गए। इन दोनों खिलाड़ियों को आयरलैंड में ही रोक लिया गया और वे आइसोलेशन में हैं। इन खिलाड़ियों के नज़दीकी संपर्क में होने के कारण क्रेग यंग को भी आयरलैंड में ही रोक लिया गया है। आयरलैंड के सरकारी नियमानुसार 10 दिन का आइसोलेशन पूरा होने और कोरोना निगेटिव रिपोर्ट आने के बाद ही ये खिलाड़ी फिर से टीम से जुड़ने के लिए अमेरिका रवाना हो सकते हैं।

वहीं टीम के असिस्टेंट कोच गैरी विल्सन को भी फ़ाल्स पॉज़िटिव होने के कारण आयरलैंड में ही रूकना पड़ा। रविवार को निगेटिव टेस्ट रिज़ल्ट आने के बाद ही वह अमेरिका के लिए रवाना हो सकेंगे। दौरे पर गए अन्य खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ़ का कोरोना टेस्ट निगेटिव आया है। वहीं अमेरिका के फ़्लोरिडा में ही टी20 टूर्नामेंट खेल रहे हैरी टेक्टर और गैरेथ डेलानी का भी टीम से जुड़ने से पहले कोरोना टेस्ट कराया गया, जिसमें वह कोविड पॉज़िटिव निकले। उन्हें 10 दिन के आइसोलेशन में रखा गया है।

हालांकि क्रिकेट आयरलैंड के निदेशक रिचर्ड होल्ड्सवर्थ ने सीरीज़ पर किसी भी तरह का ख़तरा होने से इनकार किया है। उन्होंने कहा कि टीम को मजबूती देने के लिए लंका प्रीमियर लीग (एलपीएल) में खेल रहे तेज़ गेंदबाज़ जॉश लिटिल को अमेरिका बुला लिया गया है। आयरलैंड को 22 दिसंबर से 31 दिसंबर के बीच अमेरिका के ख़िलाफ़ दो टी20 अंतर्राष्ट्रीय और तीन वनडे खेलने हैं। इसके बाद उन्हें वेस्टइंडीज़ के ख़िलाफ़ कैरेबियन में 8 जनवरी से 14 जनवरी के बीच तीन वनडे और 17 जनवरी को एकमात्र टी20 अंतर्राष्ट्रीय खेलना है।

## अक्षय ऊर्जा के लिए लिंडे इंडिया 28.7 करोड़ रूपये निवेश करेगी




**कोलकाता।** औद्योगिक गैस क्षेत्र की कंपनी लिंडे इंडिया के निदेशक मंडल ने कंपनी की मर्चेंट एयर सेपरेशन इकाईयों की खातिर अक्षय ऊर्जा की व्यवस्था करने के लिए 28.7 करोड़ रूपये के पूंजी व्यय का प्रस्ताव मंजूर कर लिया है। कंपनी ने एक बयान में कहा कि वह सौर ऊर्जा उत्पादन क्षेत्र की कंपनियों के साथ संयुक्त उद्यम समझौते करेगी। बयान में कहा गया कि महाराष्ट्र के तालोजा, गुजरात के दाहेज स्थित संयंत्र और आंध्र प्रदेश के श्री सिटी में निर्माणाधीन संयंत्र में 'मर्चेंट एयर सेपरेशन इकाईयों' के वास्ते अक्षय ऊर्जा प्राप्त करने के लिए कंपनी के निदेशक मंडल ने 28.7 करोड़ रूपये के पूंजी व्यय को मंजूरी दे दी है।

## लुमिनस ने वंचितों को पहुंचाई मदद

**नई दिल्ली ।** पॉवर बैकअप और होम इलेक्ट्रिकल्स क्षेत्र की कंपनी लुमिनस पॉवर टेक्नॉलॉजीज़ ने गैर लाभकारी संगठन गूंज के साथ समाज के वंचित वर्ग तक पहुंचकर उन्हें अपने 'खुशियों की गूंज' अभियान के तहत 6000 किलोग्राम आवश्यक सामग्री पहुंचाई। आवश्यक किट्स में राशन, कपड़े, किताबें, स्टेशनरी, खिलौने आदि शामिल हैं।

कंपनी ने आज यहां जारी बयान में यह जानकारी देते हुये उसके प्रबंध निदेशक विपुल सभरवाल ने कहा कि लुमिनस में हमारा विश्वास है कि हर घर में स्नेह व खुशी का संचार होना चाहिए। हमने समाज को अपना योगदान देने के लिए 'खुशियों की गूंज' अभियान प्रस्तुत किया क्योंकि हम समाज का एक अभिन्न हिस्सा हैं। श्रेणी में मार्केट लीडर्स के रूप में वंचित समुदायों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार हमारी जिम्मेदारी है और हम उनके कल्याण में अपना योगदान देना चाहते हैं। डीलर्स, वितरकों एवं कर्मचारियों के हमारे विस्तृत परिवार का विशेष आभार, जिन्होंने देश में इस महान उद्देश्य में उदारतापूर्वक अपना योगदान दिया। लुमिनस का पूरा परिवार गूंज का आभारी है, जिसने इस अभियान में हमारा सहयोग किया है।''

## आईपीएल में एक बार फिर हुई गौतम गंभीर की एंट्री





**लखनऊ।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) की नई फ्रेंचाइजी लखनऊ ने शनिवार को पूर्व भारतीय बल्लेबाज गौतम गंभीर को टीम का मेंटर बनाया। फ्रेंचाइजी के मालिक संजीव गोयनका ने शनिवार को क्रिकबज को इसकी पुष्टि करते हुए बताया कि दो बार के आईपीएल विजेता कप्तान गौतम सपोर्ट स्टाफ में बतौर मेंटर जुड़ेंगे। गौतम की नियुक्ति गोयनका के आरपीएसजी ग्रुप की दूसरी बड़ी घोषणा है, जिसने अक्टूबर में लखनऊ फ्रेंचाइजी को 7090 करोड़ रुपए की सबसे महंगी बोली में खरीदा था। कोलकाता नाइट राइडर्स और दिल्ली कैपिटल्स के पूर्व कप्तान गौतम से पहले शुक्रवार को जिम्बाब्वे के पूर्व दिग्गज बल्लेबाज एंडी फ्लॉवर को टीम मुख्य कोच नियुक्त किया गया था।क्रिकबज के मुताबिक गोयनका और गौतम दोनों के करीबी लोगों का कहना है कि वे अच्छे दोस्त रहे हैं और उनके क्रिकेट संघ की योजना लंबे समय से बनाई गई है। विश्व कप विजेता दिल्ली के क्रिकेटर गौतम काफी समय से लखनऊ टीम की तैयारी का हिस्सा हैं। दोनों के एक दोस्त ने कहा गोयनका के टीम खरीदने के बाद अब दोनों का रिश्ता औपचारिक और पेशेवर हो गया है।

समझा जाता है कि गौतम के साथ उनके एक बार के दिल्ली और कोलकाता टीम के साथी विजय दहिया भी फ्रेंचाइजी में शामिल हुए हैं। पूर्व भारतीय विकेटकीपर विजय को सहायक कोच के रूप में शामिल किया गया है, जो वर्तमान में उत्तर प्रदेश राज्य टीम के मुख्य कोच हैं। संजीव गोयनका ने टीम में गौतम का स्वागत करते हुए उनके बेदाग करियर की सराहना की। उन्होंने कहा, मैं उनके क्रिकेटिंग दिमाग का सम्मान करता हूं और उनके साथ काम करने के लिए उत्सुक हूं। वहीं गौतम ने इस बारे में कहा, डॉ. गोयनका और आरपीएसजी ग्रुप को उनके सेटअप में मुझे यह शानदार अवसर प्रदान करने के लिए बहुत-बहुत धन्यवाद। एक प्रतियोगिता जीतने की आग अभी भी मेरे अंदर जलती है। एक विजेता की विरासत छोड़ने की इच्छा अभी भी मुझे चौबीसों घंटे बेचैन करती है। मैं ड्रेसिंग रूम के लिए नहीं, बल्कि उत्तर प्रदेश की आत्मा और साहस के लिए प्रतिस्पर्धा करूंगा।

## सुपर कार और बाइक के लिए हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन ने लांच किया पॉवर100 अल्ट्रा प्रीमियम फ्यूल

**नईदिल्ली।** हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने हाल में सुपर कार और बाइक्स के लिए पावर 100 अल्ट्रा प्रीमियम फ्यूल लॉन्च किया है। पावर 100 भारत के उच्चतम ऑक्टेन रेटिंग पेट्रोल में एक है। बेहतर एंटी नॉकिंग गुणों के साथ पावर 100 इंजन को अधिक पावर देगा जिसके परिणामस्वरूप एक्सलरेशन में तेजी, ईंधन खपत में कमी और सफर आरामदायक होगा। एचपीसीएल के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक मुकेश कुमार सुराणा के साथ एचपीसीएल के निदेशक-विपणन राकेश मिश्री और एचपीसीएल के कार्यकारी निदेशक-रिटेल एसके सूरी ने ऑटो केयर सेंटर, नीति मार्ग, नई दिल्ली में आयोजित एक भव्य समारोह में दिल्ली के छह रिटेल आउटलेट के लिए अल्ट्रा प्रीमियम पेट्रोल (पॉवर100) पेश किया। मुकेश कुमार सुराणा, राकेश मिश्री और एसके सूरी ने ग्राहकों के वाहनों में ईंधन डाला और एचपीसीएल को संरक्षण देने के लिए उन्हें धन्यवाद दिया। पावर 100 पर्यावरण संरक्षण के मद्देनजर सुपर कार और बाइक के लिए पेश अल्ट्रा प्रीमियम ईंधन है और यह इंजन को अधिक पावर देता है जिसके परिणामस्वरूप एक्सलरेशन में तेजी, ईंधन खपत में कमी और सफर आरामदायक होता है।

## जयपुर की खुशी ने महिला प्रो गोल्फ टूर के 15वें और अंतिम चरण में जीता पहला खिताब



**कोलकाता ।** जयपुर की गोल्फर खुशी खानिजाऊ ने रॉयल कलकत्ता गोल्फ क्लब में हीरो महिला प्रो गोल्फ टूर के 15वें और अंतिम चरण में पहली बार खिताब जीता। खुशी 2021 में जाह्नवी बख्शी के बाद पहली बार खिताब जीतने वाली पांचवीं गोल्फर बनीं हैं। इससे पहले सहर अटवाल, लखमेहर परदेसी और पेशेवर अवनी प्रशांत ने जीत दर्ज की थी। खुशी, जिन्होंने अपना अधिकतर शुरुआती गोल्फ जयपुर के राम बाग गोल्फ क्लब में सीखा, ने अंतिम चार होल में तीन बर्डी के दम पर 72 का शानदार स्कोर बनाया। इस दौरान उन्होंने 16वें होल में एक बोगी भी मारी। उनका 72 का कार्ड दिन का सबसे अच्छा स्कोर रहा। इसकी बदौलत उनका कुल 229 का स्कोर रहा, जो पेशेवर स्मृति भार्गव (77), श्वेता मानसिंह (77) और ओवरनाइट लीडर सहर अटवाल (80) की तिकड़ी से बेहतर था।

उल्लेखनीय है कि 21 वर्षीय खुशी 2018 में पेशेवर गोल्फर बनीं थी और इसी साल उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन आया था। 2018 में हैदराबाद के बोल्डर हिल्स में वह अमनदीप द्राल से पीछे त्वेसा मलिक के साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर रहीं थीं। पेशेवर खिलाड़ी के तौर पर पहले वर्ष में अच्छे प्रदर्शन के लिए उन्हें 'रूकी ऑफ द ईयर' भी चुना गया था।

## राजमौली की सोच सिनेमा के मामले में औरों से बिलकुल अलग है:अजय देवगन

एसएस राजमौली की फिल्म आरआरआर का ट्रेलर गुरुवार को लॉन्च कर दिया गया। इस फिल्म को लेकर दर्शक बहुत ही उत्साहित हैं क्योंकि इसे बाहुबली डायरेक्टर राजमौली ने डायरेक्ट किया है। फिल्म का ट्रेलर रिलीज हो चुका है और इसे बहुत ही धमाकेदार रिस्पांस मिल रहा है।

ट्रेलर लॉन्च के दौरान बातचीत करते हुए अजय देवगन ने डायरेक्टर राजमौली की तारीफ की। उनका कहना है कि राजमौली की सोच सिनेमा के मामले में औरों से बहुत बड़ी और बिलकुल अलग है।



बॉलीवुड एक्टर अजय देवगन एक बेहतरीन एक्टर होने के साथ ही एक डायरेक्टर भी है। ट्रेलर लॉन्च के दौरान जब उनसे पूछा गया कि राजमौली का सिनेमा सबसे अलग है, तो बतौर डायरेक्टर आपको उनकी सबसे अच्छी चीज क्या लगी? तो उन्होंने कहा, राजमौली जी का सिनेमा अलग नहीं है, बल्कि वो सिर्फ उनका ही सिनेमा हैं। कोई अगर उनकी तरह सिनेमा बनाने की कोशिश करता भी होगा तो उसके लिए बहुत ही मुश्किल होगा।

राजमौली जी की सोच बहुत ही बड़ी है और साथ ही सबसे बिलकुल अलग है। मुझे याद है राजमौली जी ने मुझे बताया था कि उन्होंने कैरेक्टर की स्टडी कहा से की है। हर रोज वे नए वर्जन की महाभारत पढ़ते हैं, और महाभारत ऐसा है कि दुनिया का ऐसा कोई भी कैरेक्टर नहीं बचा है जो उसमें ना हो। मुझे लगता है कि राजमौली जो कैरेक्टराइजेशन करते हैं और जिस तरह से वे सोचते हैं, वह बहुत ही शानदार है।

## ग्रेजिया इंडिया के लिए कवर गर्ल बनी तारा सुतारिया

बॉलीवुड की हॉट ऐंड सेक्सी अभिनेत्री तारा सुतारिया जिन्होंने हाल ही में अपनी फिल्म तड़प से लोगो के दिलों में जगह बना ली है, वे ग्रेजिया इंडिया के मैग्जीन कवर पर ट्रेडिशनल लुक में चार चांद लगाते हुए नजर आई हैं।

ग्रेजिया इंडिया ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल से तारा की मैग्जीन कवर की तस्वीर साझा करते हुए लिखा कि, तारा ने निरंतर सीखने और हमेशा ओपन माइंडेड रहना अपना सफलता का मूलमंत्र बताया है। वे कहती हैं कि, मैं प्रलक्षित आलोचना में विश्वास रखती हूं। मेरी परफॉर्मेंस,



कपड़े पहना का तरीका या फिर मेरी गायकी पर कोई प्रलक्षित आलोचना करता है तो वह बिल्कुल सही है। प्रत्येक के अपने विचार होने चाहिए। और यह जरूरी नहीं कि सभी के विचार मुझसे मिलते हों।

तारा ने इस फोटोशूट के लिए कढ़ाई किया हुआ ब्रालेट, ट्राउजर और जो कैप पहना वे सब ऋतु कुमार द्वारा डिजाइन किया गया है।

## आज का राशिफल

मेष: बेकार के ख्यालों में अपनी ऊर्जा बर्बाद न करें, बल्कि इसे सही दिशा में लगाएं। बच्चे आपको घरेलू काम-काज निबटाने में मदद करेंगे।

वृष: थोड़ा विश्राम करें और काम के बीच-बीच में जितना हो सके, उतना आराम करते रहें। घर के किसी सदस्य के व्यवहार की वजह से आप परेशान रह सकते हैं।

मिथुन: व्यस्त दिनचर्या के बावजूद सेहत अच्छी रहेगी, लेकिन इसे हमेशा के लिए सच मानने की ग़लती न करें। अपनी ज़िंदगी और सेहत का सम्मान करें।

कर्क : आज आपका स्वास्थ्य दुरुस्त रहने की पूरी उम्मीद है। अपने अच्छे स्वास्थ्य के चलते आज आप अपने दोस्तों के साथ खेलने का प्लान बना सकते हैं।

सिंह: झल्लाना और खीजना आपकी सेहत ख़राब कर सकता है। पुरानी बातों में न उलझें और जितना हो सके आराम करने की कोशिश करें।

कन्या : आपका स्पष्ट और निडर नज़रिया आपके दोस्त के अहम को ठेस पहुंचा सकता है। रिश्तेदारों और दोस्तों से अचानक उपहार मिलेगा।

तुला: अपने मानसिक स्वास्थ्य पर ध्यान दें, जो आध्यात्मिक जीवन के लिए आवश्यक है। मस्तिष्क जीवन का द्वार है, क्योंकि अच्छा-बुरा सब-कुछ इसी के माध्यम से आता है।

वृश्चिक : आपका विनम्र स्वभाव सराहा जाएगा। कई लोग आपकी ख़ासी तारीफ़ कर सकते हैं। बच्चे आपको घरेलू काम-काज निबटाने में मदद करेंगे।

धनु : स्वयं को शांत बनाए रखें क्योंकि आज आपको ऐसी कई बाधाओं का सामना करना पड़ सकता है, जिनके चलते आप काफ़ी मुश्किल में पड़ सकते हैं।

मकर : माता-पिता की मदद से आप आर्थिक तंगी से बाहर निकलने में क़ामयाब रहेंगे। पारिवारिक सदस्यों से मतभेद ख़त्म कर आप अपने उद्देश्यों की पूर्ति आसानी से कर सकते हैं।

कुंभ: हंसमुख रिश्तेदारों का साथ आपके तनाव को कम करेगा और आपको ज़रूरी आराम देगा। आप खुशनसीब हैं कि आपके ऐसे सगे-संबंधी हैं।

मीन: शारीरिक और मानसिक लाभ के लिए ध्यान व योग करना उपयोगी रहेगा। धन को बिना सोच विचारे खर्च करना आपको कितना नुकसान पहुंचा सकता है।

## शाम के नाश्ते में बनाएं- साबूदाना कबाब

साबूदाने से तैयार होने वाली डिशेज़ जरूरी नहीं व्रत में ही खाई जाए। इसे आप नॉर्मली भी स्नैक्स की तरह सर्व कर सकते हैं। तो आज ऐसी ही एक डिश को बनाने का तरीका जानेंगे।



### सामग्री :

साबुदाना- 1 1/4 कप (भिगोकर, पानी निथारकर), आलू- 1 (उबला, छीला और कद्दूकस किया हुआ), धनिया पत्ती- 1 कप (कटी हुई), जीरा- 1 टीस्पून, हरी मिर्च- 2, चाट मसाला- 1/2 टीस्पून, नमक- स्वादानुसार, चावल का आटा या बेसन- 2 टेबलस्पून, तेल- 2 टेबलस्पून

### विधि :

- साबूदाने को 6-8 घंटे के लिए पानी में भिगोकर रखें। इसके बाद इसका पानी निथारकर किसी दूसरे बर्तन में निकाल लें। जिससे इसका चिपचिपापन दूर हो जाए और ये हल्का सूख जाए। अब मिक्सी में धनिया पत्ती, जीरा, चाट मसाला, हरी मिर्च सबको पीसकर स्मूद पेस्ट बना लें। मिक्सिंग बाउल में उबले आलू, धनिया पत्ती वाला पेस्ट, कूटी हुई मूंगफली, साबूदाना, बेसन या चावल का आटा जो भी अवेलेबल हो और नमक मिलाकर अच्छे से मिक्स करेंगे। इसके बाद इसे सिलेंडर या टिक्की जो शेप देना चाहें दें। सारे मिक्सचर से एक या अलग-अलग आकार के कबाब तैयार कर लेंगे। अब पैन में तेल गर्म होने के लिए रख दें। जब तेल अच्छे से गर्म हो जाए तब इसमें ये कबाब डालें और धीमी आंच पर फ्राई कर लें। तैयार है साबूदाना कबाब, जिसे आप हरी चटनी या टमैटो सॉस किसी के भी साथ सर्व करें बेहद जायकेदार लगेगा।

## शब्द सामर्थ्य- 293

**बाएं से दाएं**

1. समाप्ति, खात्मा 3. रोगी, बीमार 5. गंभीरता, गहराई 6. बलपूर्वक, जबरदस्ती, व्यर्थ 9. लानत, तिरस्कार सूचक एक शब्द 10. लक्ष्मी, कमला 11. औषधालय 13. नाव खेने का लकड़ी का यंत्र 14. सतह, 'लेवल' 15. बिजली, तड़ित 17. चौकसी, सावधानी, बचाव 19. कहने वाला, वाचनकर्ता 20. सुंदर, अच्छा, बढ़िया 21. लगातार, तड़-तड़ करते हुए।

**ऊपर से नीचे**

1. शरीर का कोई भाग, शरीर 2. खोज-बीन, जांच-पड़ताल 3. वोट देने का हक 4. जो अत्यधिक शक्तिशाली व कठोर प्रकृति का हो, दृढ़, मजबूत 7. बरसात, पावस, बारिश 8. भरना, अटना, अंदर करना 12. घटना, हादसा, दुर्घटना 13. लिबाज, पहनने का ढंग 16. नीला वस्त्र पहने वाला, नीला वस्त्र 17. ऐक्य, एक होने का भाव 18. दिल्ली स्थिति प्रसिद्ध जेल।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | ■ | 3 | | 4 | ■ | ■ | ■ |
| 5 | | | | ■ | 6 | | 7 | 8 |
| ■ | | ■ | 9 | | | ■ | 10 | |
| ■ | | ■ | | ■ | 11 | 12 | | |
| 13 | | | | ■ | 14 | | ■ | ■ |
| | ■ | ■ | ■ | ■ | ■ | 15 | | 16 |
| | ■ | 17 | | 18 | | ■ | | |
| 19 | | | | ■ | ■ | 20 | | |
| ■ | ■ | 21 | | | | | ■ | |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 292 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वा | स्ता | ■ | ■ | सि | स | की | ■ | ■ |
| जि | ■ | ल | प | ट | ■ | मा | चि | स |
| ब | द | ला | ■ | क | ■ | ■ | ल | ■ |
| ■ | ■ | ट | ■ | नी | ल | क | म | ल |
| ता | ली | ■ | का | ■ | की | ■ | ■ | हू |
| क | ■ | स | रो | का | र | ■ | ■ | लु |
| झां | ■ | ज | बा | न | ■ | म | सी | हा |
| क | च | ना | र | ■ | भा | र्या | ■ | न |
| ■ | र्म | ■ | ■ | ज | र | दा | ■ | ■ |

## सू-दोकू- 293

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | | 6 | | | 1 | |
| 3 | | | 4 | | | 2 | | |
| | | | | | | | 6 | |
| 6 | | | | | 4 | | | |
| | 9 | | 5 | | | 6 | | 1 |
| | | | | | | | | |
| 4 | | 3 | | | 9 | | | 2 |
| | 8 | | 2 | | | | 7 | |
| 1 | | 2 | | 4 | | 9 | | 6 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है। 2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र[ख] सकते है। 3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.292का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 7 | 6 | 9 | 5 | 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | 3 | 9 | 2 | 8 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 4 | 5 | 2 | 3 | 7 | 6 | 9 | 1 | 8 |
| 2 | 8 | 5 | 4 | 6 | 7 | 1 | 9 | 3 |
| 3 | 1 | 7 | 8 | 9 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 6 | 9 | 4 | 1 | 3 | 5 | 7 | 8 | 2 |
| 9 | 4 | 1 | 6 | 2 | 8 | 3 | 7 | 5 |
| 7 | 2 | 8 | 5 | 1 | 3 | 6 | 4 | 9 |
| 5 | 6 | 3 | 7 | 4 | 9 | 8 | 2 | 1 |